महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : रू0वि0 / प्रपप्र / बी.एड.–24 / 2024/2080-83 दिनांक : 21.09.2024

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध बी.एड. महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषयः उत्तर प्रदेश बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2024 के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक संलग्न बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के पत्रांक बु0वि0 / यू0पी0बी0एड0–2024 / 2024 / 530 दिनांक 20.09.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें जो उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड.–2024 की प्रथम एवं द्वितीय चक्र के माध्यम से काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को कालेज आवंटन के उपरान्त सम्बन्धित महाविद्यालय में प्रवेश कन्फर्म कराये जाने की तिथि को दिनांक 25.09.2024 तक विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में है।

अतएव महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध समस्त बी.एड. महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि कृपया संलग्न पत्र के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नकः यथोक्त।

नोडल अधिकारी / कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. कुलसचिव / राज्य नोडल अधिकारी, उ0प्र0 संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2024, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी।
2. प्रभारी मीडिया।
3. प्रभारी वेबसाईट।

नोडल अधिकारी / कुलसचिव

Scanned with CamScanner

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

पत्रांक–बु0वि0 / यू0पी0बी0एड0–2024 / 2024 / 530 दिनांक– 20/09/2024

सेवा में,

कुलसचिव
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

विषय :–**उत्तर प्रदेश बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2024 के सम्बन्ध में।**

महोदय,

जैसा की आप अवगत है कि प्रवेश परीक्षा के शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न होने के उपरान्त प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग प्रकिया दिनांक 13 अगस्त 2024 से प्रारम्भ की जा चुकी है। प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग प्रक्रिया के दो चक्र समाप्त हो चुके है। प्रथम एवं द्वितीय चक्र के माध्यम से जिन छात्रो को महाविद्यालय आवंटित किया जा चुका है ऐसे कुछ छात्र अपना प्रवेश कन्फर्म कराने से वंचित रह गये है।

अतः कोर कमेटी कमेटी के निर्णयानुसार प्रथम एवं द्वितीय चक्र में राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यलायों मे प्रवेशित छात्रों का प्रवेश कन्फर्म कराने हेतु तिथि दिनांक 25 / 09 / 2024 तक विस्तारित की जाती है। इसके अतिरिक्त जिन अभ्यर्थियो को द्वितीय चक्र(पूल काउन्सिलिंग) के माध्यम से स्ववित्त पोषित महाविद्यालय आवंटित किया गया है परन्तु अभ्यर्थी सम्बन्धित महाविद्यालय में अपना प्रवेश कन्फर्म नहीं करा सके। ऐसे अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश कन्फर्म कराने हेतु तिथि दिनांक 25 / 09 / 2024 तक विस्तारित की जाती है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त के सम्बन्ध में सम्बद्ध महाविद्यालयों को अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव / राज्य नोडल अधिकरी
उ0 प्र0 संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2024

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. राज्य सह–समन्वयक, राज्य स्तरीय संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2024।
2. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव / राज्य नोडल अधिकरी
उ0 प्र0 संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2024

Entrance Cell

कुलसचिव

Scanned with CamScanner